अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

दृष्टि at a glance...

IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

21 DEC. 2023

USEFUL FOR



IAS | PCS

& other civil services exams


Sunil Lawania

(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza, Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

1. **अंतर्राष्ट्रीय मानव एकजुटता दिवस प्रतिवर्ष 20 दिसंबर को मनाया**




- अंतर्राष्ट्रीय मानव एकजुटता दिवस (International Human Solidarity Day) प्रतिवर्ष 20 दिसंबर को मनाया जाता है.
- इस दिवस पर लोग गरीबी, भूखमरी और बीमारियों को खत्म करने के तरीकों को अपनाने का संकल्प लेते है.
- 20 दिसंबर 2002 को यूएन ने विश्व एकजुटता कोष की स्थापना की थी.

2. **भूटान असम के साथ अपनी सीमा पर 1,000 वर्ग किमी से अधिक क्षेत्र में एक विशाल "अंतर्राष्ट्रीय शहर" बनाने की योजना बना रहा है।**



- 17 दिसंबर को भूटानी राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांग चक ने थिम्पू में इस परियोजना की घोषणा की।
- इस परियोजना को "भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों के माध्यम से दक्षिण एशिया को दक्षिण पूर्व एशिया से जोड़ने वाले आर्थिक गलियारे" के रूप में पेश किया जा रहा है।
- भारत और भूटान गेलेफू तक पहली भारत-भूटान रेलवे लाइन बनाने पर सहमत हुए, जो समय के साथ सड़क मार्गों और सीमा व्यापार और असम और पश्चिम बंगाल में क्रॉसिंग पॉइंट से भी जुड़ जाएगी।
- भूटान म्यांमार, थाईलैंड, कंबोडिया और सिंगापुर तक भी पहुंच प्रदान करेगा।
- इस परियोजना को 'गेलेफू स्मार्टसिटी प्रोजेक्ट' के नाम से जाना जाएगा।

3. **मिस्र में राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी ने तीसरी बार जीत दर्ज की**



- मिस्र में हाल ही में संपन्न हुए राष्ट्रपति चुनाव में राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी (Abdel Fattah al-Sisi) ने तीसरी बार जीत दर्ज की है.
- अल-सिसी ने 89.6 प्रतिशत वोट के साथ चुनाव जीता.
- उनका अगला कार्यकाल अप्रैल में शुरू होगा और छह साल तक चलेगा.

4. **हरियाणा ने राजस्थान को हराकर विजय हजारे ट्रॉफी 2023 जीती**



- राजकोट के सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में 2023 विजय हजारे ट्रॉफी में हरियाणा विजयी हुआ है और उसने राजस्थान पर 30 रन की जीत के साथ अपना पहला खिताब हासिल किया है।
- हरियाणा ने 50 ओवरों में कुल 287/8 रन बनाए और उसे राजस्थान से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा।
- हरियाणा के कप्तान अशोक मेनारिया ने बल्ले और अपने संसाधनों के प्रबंधन दोनों में उत्कृष्ट नेतृत्व कौशल का प्रदर्शन किया।
- पहले बल्लेबाजी करते हुए, अंकित कुमार (91 गेंदों पर 88 रन) और मेनारिया (96 गेंदों पर 70 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 124 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी के साथ मंच तैयार किया।

5. **पूनम खेत्रपाल सिंह भूटान के प्रतिष्ठित नेशनल ऑर्डर ऑफ मेरिट गोल्ड मेडल से सम्मानित किया**



- डब्ल्यूएचओ दक्षिण-पूर्व एशिया की क्षेत्रीय निदेशक पूनम खेत्रपाल सिंह को विशिष्ट सेवाओं के लिए भूटान के प्रतिष्ठित नेशनल ऑर्डर ऑफ मेरिट गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया है.
- पूनम पंजाब कैडर की सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी है.
- भूटान किंग जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने भूटान के 116वें राष्ट्रीय दिवस समारोह में उन्हें सम्मानित किया.

**6. मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार 2023 से 2 लोगों को सम्मानित किया जायेगा**




- युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2023 की घोषणा कर दी है.
- ये अवार्ड 09 जनवरी, 2024 को राष्ट्रपति भवन में भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किये जायेंगे.
- इस बार मेजर ध्यानचंद खेल रत्न अवार्ड बैडमिंटन खिलाड़ी चिराग चन्द्रशेखर शेट्टी और रंकीरेड्डी सात्विक साई राज को प्रदान किये जायेंगे.
- वहीं इस बार 26 खिलाड़ियों को अर्जुन अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा.

**7. प्रह्लाद जोशी ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय भूविज्ञान डेटा रिपोजिटरी पोर्टल को लांच किया**




- केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय भूविज्ञान डेटा रिपोजिटरी पोर्टल को लांच किया साथ ही उन्होंने महत्वपूर्ण खनिजों पर रोड शो का शुभारंभ भी किया.
- यह पूरे भारत में भू-स्थानिक जानकारी तक पहुँचने, साझा करने और उसका विश्लेषण करने के लिए एक व्यापक ऑनलाइन प्लेटफार्म है.
- भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) की स्थापना 1851 में मुख्य रूप से रेलवे के लिए कोयला भंडार खोजने के लिए की गई थी.

**8. उत्तर प्रदेश की सरकार ने राज्य में 57 साइबर अपराध पुलिस स्टेशन खोलने को मंजूरी दे दी**



- उत्तर प्रदेश की सरकार ने राज्य में 57 साइबर अपराध पुलिस स्टेशन खोलने को मंजूरी दे दी.
- संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया गया.
- सरकार ने गाजियाबाद, रायबरेली, सीतापुर, हरदोई, कानपुर देहात, इटावा, बागपत, बाराबंकी, मैनपुरी और रामपुर समेत राज्य के 57 जिलों में साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन स्थापित करने को मंजूरी दे दी है.

**9. उत्तर प्रदेश भारत की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया**




- soic.in की एक रिपोर्ट के मुताबिक, जीडीपी हिस्सेदारी के मामले में यूपी महाराष्ट्र के बाद भारत का दूसरा सबसे बड़ा राज्य है।
- soic.in एक ऑनलाइन ब्लॉगिंग प्लेटफ़ॉर्म है जो निवेश और शेयर बाज़ार पर नज़र रखता है।
- यह रिपोर्ट सेंसेक्स और क्रेडिट लियोनिस सिक्योरिटीज एशिया (सीएसएलए) पर आधारित है।
- सरकारी आंकड़ों के मुताबिक जीडीपी हिस्सेदारी में उत्तर प्रदेश तीसरे नंबर पर था।
- भारत की कुल जीडीपी में 15.7% की जीडीपी हिस्सेदारी के साथ महाराष्ट्र राज्यों में सबसे आगे है। 9.2% की सकल घरेलू उत्पाद हिस्सेदारी के साथ उत्तर प्रदेश दूसरे स्थान पर है।
- तमिलनाडु (9.1%), गुजरात (8.2%), और पश्चिम बंगाल (7.5%) जैसे राज्य उत्तर प्रदेश से पीछे हैं।

**10. भारत में JN.1 वैरिएंट का पता चलने के बाद केंद्र ने राज्यों को एडवाइजरी जारी की**




- केंद्र सरकार ने देश में जेएन. 1 वैरिएंट के पहले मामले का पता चलने के बाद राज्यों को एक एडवाइजरी जारी की।
- एडवाइजरी ने राज्यों को निर्देश दिया कि वे कोविड 19 निगरानी रणनीति के लिए विस्तृत और संशोधित परिचालन दिशानिर्देशों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करें।
- राज्यों को यह सुनिश्चित करने के लिए भी कहा गया कि सभी जिलों में पर्याप्त परीक्षण हो।
- जेएन. 1 का पहला मामला केरल के काराकुलम में हल्के लक्षणों वाली 79 वर्षीय महिला के नमूने में पाया गया था।
- JN.1 वैरिएंट पहले से ही संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और सिंगापुर में पाया जा चूका है।
- वर्तमान में, डब्ल्यूएचओ ने JN.1 को वैरिएंट ऑफ़ इंटरेस्ट (VOI) के रूप में नामित किया है।

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

**1. अंतर्राष्ट्रीय मानव एकजुटता दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है?**
(a) 18 दिसंबर
(b) 19 दिसंबर
(c) 20 दिसंबर
(d) 21 दिसंबर

**2. कौन सा भारतीय पड़ोसी देश असम के साथ अपनी सीमा पर 1,000 वर्ग किमी से अधिक क्षेत्र में एक विशाल "अंतर्राष्ट्रीय शहर" बनाने की योजना बना रहा है?**
(a) चीन
(b) भूटान
(c) नेपाल
(d) बांग्लादेश

**3. मिस्र के राष्ट्रपति कौन है जिन्होंने तीसरी बार राष्ट्रपति का चुनाव जीता है?**
(a) शेरिफ इस्माइल
(b) अब्देल फतह अल-सिसी
(c) इब्राहीम महलब
(d) मोहम्मद मुर्सी

**4. राजकोट के सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में किस राज्य ने विजय हजारे ट्रॉफी 2023 जीती है?**
(a) उत्तर प्रदेश
(b) गुजरात
(c) राजस्थान
(d) हरियाणा

**5. किसे हाल ही में भूटान के प्रतिष्ठित नेशनल ऑर्डर ऑफ मेरिट गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया?**
(a) एस जयशंकर
(b) ममता बनर्जी
(c) जया बच्चन
(d) पूनम खेत्रपाल सिंह

**6. मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार 2023 से कितने लोगों को सम्मानित किया जायेगा?**
(a) 2
(b) 3
(c) 4
(d) 5

**7. राष्ट्रीय भूविज्ञान डेटा रिपोजिटरी पोर्टल की किसने लांच किया?**
(a) अनुराग ठाकुर
(b) स्मृति ईरानी
(c) आर के सिन्हा
(d) प्रह्लाद जोशी

**8. उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में कितने साइबर अपराध पुलिस स्टेशन खोलने को मंजूरी दी है?**
(a) 47
(b) 57
(c) 67
(d) 75

**9. soic.in की एक रिपोर्ट के अनुसार, जीडीपी हिस्सेदारी में यूपी ____ के बाद भारत का दूसरा सबसे बड़ा राज्य है।**
(a) तमिलनाडु
(b) आंध्र प्रदेश
(c) महाराष्ट्र
(d) तेलंगाना

**10. भारत में JN.1 वैरिएंट का पता चलने के बाद केंद्र ने राज्यों को एडवाइजरी जारी की। इसके बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?**
1. जेएन. 1 का पहला मामला केरल के काराकुलम में एक 79 वर्षीय महिला में हल्के लक्षणों के साथ एक नमूने में पाया गया था।
2. वर्तमान में, डब्ल्यूएचओ ने JN.1 को वैरिएंट ऑफ इंटरेस्ट (VOI) के रूप में नामित किया है।
सही कोड चुनें:
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2
(d) इनमे से कोई भी नहीं

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (c) | (b) | (b) | (d) | (d) | (a) | (d) | (b) | (c) | (c) |